**दिनांक : 14/08/2026** **समय :7.10एएम**

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार:-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, 1947 के विभाजन में जान गंवाने और पीड़ा झेलने वालों को देश कर रहा याद।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बड़वानी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में होंगे शामिल, शिकायतों के निराकरण की करेंगे समीक्षा।
- भोपाल में आज निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा, 32 किलोमीटर के सफर में एक लाख से ज्यादा नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद।

**राष्ट्रपति संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा।

**विभाजन विभीषिका स्मृति**

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले और पीड़ा झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है। इस दिन विभाजन की त्रासदी को याद कर प्रभावित परिवारों के संघर्ष और दर्द को स्मरण किया जाता है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विभाजन की त्रासदी झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

वहीं दूसरी तरफ भोपाल में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, स्वतंत्रता संग्राम और हर घर तिरंगा अभियान पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन विभीषिका से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। यह प्रदर्शनी आज शाम 5 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

**सीएम- बड़वानी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बड़वानी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे। वे कलेक्टरेट सभागृह में जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर लोगों की शिकायतों और आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन के जरिए समस्याओं के समाधान की स्थिति देखी जाएगी। मुख्यमंत्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरलाय का निरीक्षण कर मैथ्स पार्क, आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब और स्मार्ट क्लास का जायजा भी लेंगे। इसके बाद वे प्रगतिशील किसानों, उद्यमियों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

**यूथ पार्लियामेंट**

भोपाल स्थित विधानसभा भवन में दो दिवसीय संसद यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 12 राज्यों और 58 शहरों के युवा हिस्सा ले रहे हैं. पहले दिन कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय माहौल में नीतिगत और विधायी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने भारत के बढ़ते नैरेटिव संकट पर बहस भी की। वहीं आज समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पर चर्चा और संसदीय प्रक्रिया का संचालन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए।

**भोपाल- तिरंगा यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भोपाल में आज विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 10 बजे कोलार सिक्स लेन स्थित मदर टेरेसा स्कूल के सामने से शुरू होकर संत नगर की भैंसाखेड़ी मंडी तक जाएगी। करीब 32 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में एक लाख से ज्यादा नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है। यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। चुना भट्टी समेत कई जगह सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं, जहां नशा मुक्ति और युवाओं को जागरूक करने के संदेश दिए जाएंगे।

**हर घर तिरंगा अभियान**

कल भोपाल, ओंकारेश्वर, उज्जैन, मंडला, बैतूल, मैहर और बालाघाट समेत कई जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। भोपाल में बड़ा तालाब पर 350 से ज्यादा तिरंगा सजी नावों के साथ नौका तिरंगा यात्रा हुई, जबकि ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर 151 नावों से यात्रा निकाली गई। उज्जैन में अधिकारियों ने घोड़ों पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं मंडला में सीआरपीएफ ने बाइक रैली निकाली। दमोह, मैहर, झाबुआ, छिंदवाड़ा और बालाघाट में भी तिरंगा यात्राओं के साथ स्कूल-कॉलेजों में देशभक्ति कार्यक्रम, तिरंगा रंगोली और चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

**एनालॉग पनीर जांच**

प्रदेश में एनालॉग पनीर के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले दिन प्रदेशभर में करीब 8 हजार 135 किलो खाद्य सामग्री जब्त की गई, जबकि **भोपाल** और **इंदौर** में भी कई डेयरियों और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। **सीहोर** में 204 किलो संदिग्ध एनालॉग पनीर जब्त कर उसका नमूना जांच के लिए भेजा गया है। **मुरैना** में भी तीन डेयरियों से 182 किलो पनीर, 40 किलो मावा और 45 किलो घी जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने तक जब्त पनीर को एनालॉग पनीर नहीं कहा जा सकता। सरकार ने एनालॉग पनीर के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर

रोक लगा रखी है। **खंडवा** में विभाग के अनुसार पिछले 15 दिनों में पनीर के सात नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप**

भोपाल के अपर लेक स्थित बोट क्लब पर चल रही तृतीय राजा भोज मल्टीक्लास नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आईएलसीए-4 बॉयज में वासु चंद्रवंशी और गर्ल्स में माही वर्मा पहले स्थान पर रहीं। आईक्यू फॉइल में आर्यन पाटीदार और प्रार्थना भोई ने चारों रेस जीतकर पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 12 राज्यों के करीब 100 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**मौसम**

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है, जिसके चलते आज जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक सागर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अगले 24 घंटे में चार इंच या उससे ज्यादा बारिश हो सकती है। भोपाल समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी तेज और हल्की बारिश होने की संभावना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत अधिकारियों का दल आज **खंडवा** के पंधाना विकासखंड के ग्राम गांधवा का दौरा करेगा।
2- **मंदसौर** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित एवं अति कम वजन वाले बच्चों को तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराने के निर्देश दिए।
3- **आगरमालवा** जिले के बड़ौद क्षैत्र के गंगापुर क्लस्टर में आयोजित होने वाले जन विश्वास शिविर में क्षैत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का जिला अधिकारी मौके पर समाधान करेंगे।
4- **छिंदवाड़ा** में कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राष्ट्रीय

स्वास्थ्य कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की।

5- मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत **अशोकनगर** जिले की जनपद पंचायत चंदेरी में और विधानसभा क्षेत्र **इंदौर**-4 के उषाराजे परिसर में आज विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

6- **झाबुआ** में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कल तिरंगा महा रैली निकाली गई। डीआरपी लाइन से शुरू हुई रैली का शुभारंभ मंत्री निर्मला भूरिया ने किया।

7- **गुना** में वीबी जीरामजी योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

-------------